*T&C Apply.
vzy.co.in
बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के
OTT + TV चैनल्स 3 साल तक
TV फ्रिज एकमात्र
VZY dishtv

गृह मंत्रालय
भारत सरकार
शेयर करें सेल्फी वीरों के साथ
जिन्होंने दिया
नक्सल-मुक्त भारत
बनाने में योगदान
CBC 19101/13/0033/2627
आंतरिक सुरक्षा बलों का सम्मान
राष्ट्रीय एकता दिवस
31 अक्टूबर, 2026
एकता नगर, गुजरात
एक ही जगह देखें, एकता के रंग अनेक
भारत पर्व
1 से 15 नवंबर, 2026
एकता नगर, गुजरात
जानकारी और ठहरने की बुकिंग के लिए स्कैन करें या विज़िट करें rashtriyaektadiwas.com
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री



2027 के चुनाव में रिजीम चेंज के मुद्दे पर विपक्ष को घेरेगी भाजपा

कार्यसमिति में पेश राजनीतिक प्रस्ताव के जरिये दी चुनावी एजेंडे को धार

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा सरकार के 10 साल के कार्यकाल की उपलब्धियों को लेकर जनता के बीच जाएगी। साथ ही विपक्ष, खासकर सपा को घेरने के लिए अराजकता, तुष्टीकरण और माफिया संरक्षण जैसे मुद्दों को भी चुनावी एजेंडे में शामिल करेगी। शुक्रवार को कार्यसमिति में पेश राजनीतिक प्रस्ताव के जरिये पार्टी ने 2027 के चुनाव की अपनी रणनीति और प्राथमिकताएं स्पष्ट कर दीं।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने राजनीतिक प्रस्ताव पेश किया। इसमें आरोप लगाया गया कि विपक्ष दुष्प्रचार और प्रोपेगेंडा के जरिये लोगों को भड़का रहा है। लोकतांत्रिक प्रक्रिया के बजाय अराजकता के आधार पर रिजीम चेंज कर तानाशाही शासन व्यवस्था लाना चाहता है। भाजपा ने इसे डॉ. भीमराव आंबेडकर द्वारा दिए गए संविधान का अपमान बताया है।

प्रस्ताव में सरकार के 10 साल के कार्यकाल का रिपोर्ट कार्ड पेश करने के साथ कानून-व्यवस्था, अर्थव्यवस्था, निवेश, रोजगार, किसान, महिला सशक्तीकरण और सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में हुए कार्यों का ब्योरा दिया गया है। पार्टी ने लगातार तीसरी बार प्रदेश में सरकार बनाने का संकल्प भी दोहराया है। विकास, सुशासन और कानून-व्यवस्था को आगामी चुनाव के प्रमुख मुद्दे बनाने की बात कही गई है।

प्रस्ताव में लोकतांत्रिक मर्यादाओं, सामाजिक समरसता, जनकल्याण और विकास के प्रति प्रतिबद्धता जताई गई है। साथ ही जनता की अपेक्षाओं को समझते हुए संगठनात्मक और सार्वजनिक दायित्वों का निर्वहन पारदर्शिता, जिम्मेदारी और संवेदनशीलता से करने का संकल्प व्यक्त किया गया है।



भाजपा कार्यसमिति की बैठक में मौजूद गृहमंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, विनोद तावड़े, स्मृति ईरानी, जितिन प्रसाद व अन्य नेता। -अमर उजाला

सपा के शासनकाल के मुद्दों को भी उछालेगी भाजपा

प्रस्ताव में 2017 से पहले प्रदेश में बोट बैंक की राजनीति, सांप्रदायिक तुष्टीकरण, दलित उत्पीड़न, अपराधियों और माफिया को संरक्षण और विकास की अनदेखी का आरोप लगाया गया है। मुजफ्फरनगर दंगों के बाद हिंदुओं के पलायन का मुद्दा भी उठाया गया है। इसके अलावा किसानों को फर्जी मुकदमों में फंसाने, धर्म के आधार पर आर्थिक संरक्षण देने, दंगाइयों को सरकारी विमान से लखनऊ लाने और मथुरा में हजारों करोड़ रुपये की जमीन पर सपाइयों के कब्जे से जुड़े प्रकरणों का उल्लेख किया गया है।

अर्थव्यवस्था, निवेश और रोजगार को उपलब्धियों के रूप में पेश करेगी पार्टी

राजनीतिक प्रस्ताव में दावा किया गया है कि 2017 में प्रदेश की अर्थव्यवस्था 2.80 लाख करोड़ रुपये थी, जो अब बढ़कर करीब 32 लाख करोड़ रुपये हो गई है। वर्ष 2029-30 तक इसे एक ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट का आकार अनुपूरक बजट सहित करीब 9.71 लाख करोड़ रुपये बताया गया है। प्रस्ताव में 50 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव और 15 लाख करोड़ रुपये की ग्राउंड ब्रेकिंग, डिफेंस कॉरिडोर में 35 हजार करोड़ रुपये के निवेश और बड़े कारखानों की स्थापना को उपलब्धि बताया गया है। पूर्वांचल, बुंदेलखंड और गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण के साथ एयरपोर्ट विस्तार का भी जिक्र है। पार्टी ने 10 लाख युवाओं को नौकरी, 2.80 लाख महिलाओं को रोजगार और 2016-17 के बाद बेरोजगारी दर 18 प्रतिशत से घटकर 2.4 प्रतिशत होने का दावा किया है। इसके अलावा गन्ना किसानों को 3.25 लाख करोड़ रुपये का भुगतान तथा महिलाओं, कर्मचारियों और पत्रकारों के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं को भी सरकार की उपलब्धियों में शामिल किया गया है।

मतदाता सूची से 1.27 करोड़ हिंदुओं के नाम गायब, सावधानी जरूरी : मुख्यमंत्री

योगी ने भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में कार्यकर्ताओं से नाम जुड़वाने को कहा

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में कहा कि मतदाता सूची से 1.27 करोड़ हिंदू मतदाताओं के नाम गायब हैं। यह स्थिति नगरीय निकायों की 28 सीटों को कमजोर कर रही है। उन्होंने कहा कि जनसंख्या के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में 16 करोड़ से अधिक मतदाता होने चाहिए, जबकि वर्तमान में इनकी संख्या करीब 13 करोड़ है। गायब नामों में 66 लाख ऐसे लोग हैं, जिनके नाम पंचायत मतदाता सूची में हैं, लेकिन विधानसभा सूची में नहीं। सरकारी योजनाओं का लाभ ले रहे करीब 55 लाख लोगों और 18-19 वर्ष आयु वर्ग के साढ़े चार लाख युवाओं के नाम भी सूची में नहीं हैं। दूसरे राज्यों से बहू बनकर आईं महिलाओं के नाम भी छूटे हैं। उन्होंने कहा कि 45 विधानसभा सीटों पर जीत-हार का अंतर बहुत कम है, इसलिए सतर्कता जरूरी है।

योगी ने कहा कि पिछले विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान में केवल चार लाख मतदाताओं की वृद्धि होना चिंताजनक है। जनगणना के आंकड़ों के आधार पर प्रदेश की आबादी 25.70 करोड़ होने का अनुमान है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कमल साथी ऐप की मदद से पात्र मतदाताओं के नाम जुड़वाने और अभियान की नियमित समीक्षा करने को कहा। सांसद, विधायक और संगठन के पदाधिकारी इसकी जिम्मेदारी निभाएं। मुख्यमंत्री ने विपक्ष के फर्जी और नकारात्मक नैरेटिव का बूथ स्तर पर जवाब देने को कहा। इसके लिए करीब 1.63 लाख बूथों को सोशल मीडिया पर सक्रिय करने और सरकार के कार्यों के वीडियो इंस्टाग्राम सहित अन्य मंचों पर साझा करने के निर्देश दिए। उन्होंने जातीय सम्मेलनों के जरिए समाज को बांटने की कोशिशों के प्रति भी आगाह किया।

पिछली सरकारों पर साधा निशाना

योगी ने कांग्रेस पर गरीबों को बोट बैंक समझने का आरोप लगाया और राजीव गांधी के एक रुपये में से 15 पैसे गरीब तक पहुंचने वाले बयान का उल्लेख किया। सपा सरकार पर भर्तियों में सैफई सिंडिकेट और चाचा-भतीजे की वसूली व्यवस्था हावी होने का आरोप लगाते हुए कहा कि वर्तमान सरकार में साढ़े नौ लाख युवाओं को सरकारी नौकरी मिली है। उन्होंने 30 अक्तूबर 1990 को कारसेवकों पर गोली चलाने की घटना का जिक्र करते हुए राम मंदिर आंदोलन के संघर्ष को याद किया। नई पीढ़ी को अयोध्या, काशी और रामपुर सीआरपीएफ कैंप पर हमलों तथा हिंदुओं के कत्लेआम की घटनाओं की जानकारी देने की बात कही। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता मान-अपमान की चिंता किए बिना संगठन के मूल्यों के प्रति निष्ठावान रहें। लोकतंत्र में जनता ही जनार्दन है।

कार्यकर्ता ही संगठन की शक्ति : केशव

डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता ही संगठन की शक्ति हैं। उनके परिश्रम, समर्पण और जनसेवा के संकल्प से संगठन निरंतर मजबूत हो रहा है। केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना प्रत्येक कार्यकर्ता की प्राथमिक जिम्मेदारी है। भाजपा का लक्ष्य राष्ट्रहित, सुशासन और जनकल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए देश व प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वर्ष 2027 में यूपी में और वर्ष 2029 में देश में भाजपा की सरकार बनेगी।

विदेशी फंडिंग से देश को अस्थिर करने की साजिश : पंकज चौधरी

लखनऊ। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने विपक्ष पर जातीय संघर्ष को बढ़ावा देने और विदेशी फंडिंग के जरिये युवाओं को गुमराह करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रविरोधी ताकतें देश को अस्थिर करने की कोशिश कर रही हैं। विपक्ष सोशल मीडिया के माध्यम से भ्रम और नकारात्मकता फैलाने में जुटा है। भाजपा कार्यकर्ता तथ्यों और पार्टी की उपलब्धियों के आधार पर इसका जवाब दें।

प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में चौधरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर पार्टी ने ध्यान केंद्रित कर दिया है। चुनाव में सफलता के लिए संगठन की एकजुटता, कार्यकर्ताओं का परिश्रम और सरकार व संगठन के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है। जनप्रतिनिधि सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को कार्यकर्ताओं के माध्यम से जनता तक पहुंचाएं। उन्होंने पदाधिकारियों से अपने पद को जिम्मेदारी समझने की अपील की। साथ ही कहा कि भाजपा कार्यकर्ता सभी वर्गों के बीच जाकर पार्टी की नीतियों एवं उपलब्धियों की जानकारी लोगों को दें।

चौधरी ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में मुकाबला विकास बनाम विनाश व राष्ट्रवाद बनाम जातिवाद के मुद्दे पर होगा। उनके मुताबिक विपक्ष के पास न स्पष्ट नीति है और न ही नेतृत्व। उसकी राजनीति निराधार आरोपों पर आधारित है। ब्यूरो

चाटुकारिता नहीं, जमीन पर काम करने से मिलेगा टिकट : तावड़े

लखनऊ। भाजपा के प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े ने कार्यसमिति की बैठक में कहा कि चुनाव का टिकट चाटुकारिता से नहीं, बल्कि जमीनी काम के आधार पर मिलेगा। चुनाव लड़ने की महत्वाकांक्षा गलत नहीं है, लेकिन टिकट न मिलने पर पार्टी के विरोध में चुनाव लड़ना उचित नहीं। उन्होंने कहा कि यह अवध वही है, जहां माता सीता की अग्निपरीक्षा हुई थी। हम भी इससे बच नहीं सकते। विधानसभा चुनाव हमारे लिए अग्निपरीक्षा है। उन्होंने सपा पर निशाना साधते हुए हरिशंकर परसाई की रचना भेड़ और भेड़िये का उल्लेख किया। कहा कि सपा नए रूप और वादों के साथ आ रही है, लेकिन उसका चरित्र वही है, जिसे जनता 2017 से पहले देख चुकी है। कार्यकर्ता दोनों सरकारों के कार्यकाल का अंतर बताएं। उन्होंने 2017 में विपक्ष में रहते भाजपा को मिली 312 सीटों का जिक्र कर इसे दोहराने का आह्वान किया। इसके लिए बूथ स्तर पर माइक्रो मैनेजमेंट, घर-घर संपर्क और संगठनात्मक योजनाओं के क्रियान्वयन पर जोर दिया। प्रमोद महाजन की जयंती पर उन्हें याद करते हुए कहा कि भाजपा का लक्ष्य हर गरीब के घर विकास की लक्ष्मी पहुंचाना है। ब्यूरो

बड़ी देर कर दी मेहरबां आते-आते ...अखिलेश ने शाह के दौरे पर किया कटाक्ष

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के यूपी में तीसरी बार भाजपा सरकार बनने पर समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने के बयान पर कटाक्ष किया। उन्होंने शायराना अंदाज में कहा, बड़ी देर कर दी मेहरबां आते-आते।



अखिलेश ने कहा कि भाषणों से कुछ तय नहीं होता। भाजपा लोकसभा और विधान परिषद चुनाव हार चुकी है। वाराणसी में भी भाजपा की डबल इंजन की डबल हार हुई है। अब पार्टी की अंदरूनी फूट और उजागर होगी। विधान परिषद में सपा की संख्या बढ़ रही है और विधानसभा चुनाव में पार्टी की रिकॉर्ड जीत होगी। उन्होंने कहा कि अगले विधानसभा चुनाव में सपा महिलाओं को भाजपा से ज्यादा टिकट देगी। पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य को गठबंधन के तहत सीटें देने के सवाल पर उन्होंने कहा कि उनकी सीटें सपा के खाते में नहीं गिनी जाएंगी। कुछ मामलों में चुप रहना ही बेहतर होता है।

इंडिया गठबंधन की रैली में कल शामिल होंगे : अखिलेश यादव एक नवंबर को दिल्ली में होने वाली इंडिया गठबंधन की रैली में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में धांधली, फर्जी फार्म-7 भरवाने और वोट काटने के मामलों पर चुनाव आयोग ने कार्रवाई नहीं की। ब्यूरो

शाह ने प्रदेश की कानून-व्यवस्था को सराहा

लखनऊ। गृह मंत्री अमित शाह ने प्रदेश की कानून व्यवस्था को सराहते हुए कहा कि योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद डकैती, लूट, रंगदारी और दंगों में बहुत बड़ी कमी आई है। पहले अपराध के कारण यूपी का निवेश सम्मेलन दिल्ली जाकर करना पड़ता था। आज प्रदेश में ही यह हो रहा है और लाखों करोड़ का निवेश भी कानून-व्यवस्था सुधरने से आ रहा है। शाह शुक्रवार को राजधानी के लोहिया विधि विश्वविद्यालय में भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश कार्यसमिति के उद्घाटन के बाद संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, सपा-बसपा के सारे कार्यकाल मिला दिए जाएं तब भी पिछले 10 साल में भाजपा का काम उनके कार्यकाल में हुए कामों से लगभग 200 फीसद ज्यादा है। पीएम मोदी ने यूपी को देने में कोई कमी नहीं रखी तो सीएम योगी ने उसे जमीन पर उतारने में कोई कसर नहीं छोड़ी। यूपी के विकास के बगैर भारत का विकास संभव नहीं है और भारत के विकास के बिना विकसित भारत का लक्ष्य नहीं पाया जा सकता। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह, प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक समेत प्रदेश कार्यसमिति के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे। ब्यूरो

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda
क्षेत्रीय दबावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा, रायबरेली
द्वितीय तल, 920-लोधवारी कोठी, बिछी कॉलेज चौराहा, रायबरेली-229001
फोनः 8601804408, 8601800065 ईमेलः sarrae@bankofbaroda.com

चल एवं अचल सम्पत्तियों के बिक्री के लिए बिक्री सूचना "अनुर्गत-IV-A [नियम 6(2) एवं 8(6) के प्रावधान देखें]
वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 सपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 6(2) एवं 8(6) के प्रावधान के तहत ई-नीलामी बिक्री सूचना।

एतद्द्वारा जनसाधारण एवं ऋणी तथा जमानतकर्ता को विशेष रूप से यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित चल एवं अचल सम्पत्ति/बंधक/प्रभार युक्त सम्पत्ति को, जिसे बैंक ऑफ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कब्जे में लिया गया है को बैंक के बकाया वसूली के लिए प्राधिकृत अधिकारी द्वारा "जो है जहाँ है, जो है जैसे है एवं जो कुछ भी है" के आधार पर बिक्री का प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है। ऋणी/जमानतकर्ता/प्रतिभूति आस्ति/देय/आरक्षित मूल्य/ई-नीलामी की तिथि एवं समय, धरोहर राशि (ईएमडी) एवं बिड बढ़ोत्तरी राशि का विवरण निम्नलिखित है:-

ई-नीलामी की तिथि 26-11-2026 | ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि 25-11-2026 upto 5.00 PM

धरोहर राशि (ईएमडी) का भुगतान ऑनलाइन एनईएफटी/ट्रांस्फर (चालान निष्पादन के बाद) (https://baanknet.com) के द्वारा बोलीदाताओं के ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में किया जायेगा।

क्र. सं.	ऋणियों/जमानतदारों का नाम एवं पता	सम्पत्ति का विवरण ज्ञात अतिक्रमणों सहित, यदि कोई हो	कुल बकाया	ई-नीलामी की तिथि एवं समय	आरक्षित धनराशि/अग्रिम धनराशि/बिड बढ़ोत्तरी राशि	कब्जा की स्थिति (सांकेतिक/भौतिक)	सम्पत्ति निरीक्षण हेतु तिथि एवं समय
1	ऋणकर्ता:- मेसर्स कृष्णा इण्टरप्राइजेज, पताः 435, अमर नगर, रायबरेली-229001 द्वारा इसके साझेदार एवं जमानतकर्ता: 1. श्री इन्द्र भान सिंह पुत्र श्री राम लखन सिंह एवं 2. श्रीमती मीना सिंह पत्नी श्री इन्द्र भान सिंह दोनों निवासी 680, अमर नगर, रायबरेली-229001 जमानतकर्ता: श्री पुष्पेन्द्र सिंह पुत्र श्री शिव दत्त सिंह निवासी मकान सं. एम-41, अमरेशपुरी कॉलोनी, रायबरेली-229001	(1) साम्यिक बंधक गाटा सं. 208 एवं 209 कुल क्षेत्रफलः 0.1810 हेक्ट स्थित ग्राम खोर, देवानन्दपुर, रायबरेली। मालिकः श्री पुष्पेन्द्र सिंह पुत्र श्री शिव दत्त सिंह। चौहद्दीः पूरबः चक रोड, पश्चिमः बैजनाथ का खेत, उत्तरः विजय चौरसिया का खेत, दक्षिणः सुख नन्दन का खेत।	रू. 3,53,83,858.41 + ब्याज एवं अन्य खर्च (मांग सूचना व कब्जा सूचना के बाद अगर कोई भुगतान है, को घटाकर)	26.11.2026 दोपहर 02:00 बजे से सायं 06:00 बजे	रू. 46,50,000/- (आरक्षित मूल्य) रू. 4,65,000/- (अग्रिम धनराशि) रू. 10,000/- (बिड बढ़ोत्तरी राशि)	सांकेतिक	31.10.2026 से 25.11.2026 समय 10:00 AM से 4:00 PM
		(2) साम्यिक बंधक गाटा सं. 206 का भाग एवं खण्ड क्षेत्रफलः 533 वर्ग मी0 स्थित देवानन्दपुर, जिला रायबरेली। मालिकः श्री पुष्पेन्द्र सिंह पुत्र श्री शिव दत्त सिंह। चौहद्दीः पूरबः 3 मी0 चौड़ा कच्चा रास्ता, पश्चिमः रोहन की भूमि, उत्तरः क्रेता का प्लॉट, दक्षिणः राधे तिवारी की भूमि।			रू. 14,50,000/- (आरक्षित मूल्य) रू. 1,45,000/- (अग्रिम धनराशि) रू. 10,000/- (बिड बढ़ोत्तरी राशि)	सांकेतिक	
		(3) साम्यिक बंधक गाटा सं. 206 का भाग एवं खण्ड क्षेत्रफलः 266.66 वर्ग मी0 स्थित देवानन्दपुर, जिला रायबरेली। मालिकः श्री पुष्पेन्द्र सिंह पुत्र श्री शिव दत्त सिंह। चौहद्दीः पूरबः रास्ता, पश्चिमः सहखातेदार की भूमि, उत्तरः क्रेता का प्लॉट, दक्षिणः राधे तिवारी की भूमि।			रू. 7,20,000/- (आरक्षित मूल्य) रू. 72,000/- (अग्रिम धनराशि) रू. 10,000/- (बिड बढ़ोत्तरी राशि)	सांकेतिक	
2	ऋणकर्ता:- मेसर्स स्वास्तिक ट्रेडर्स, पताः अंबर मार्केट, लखनऊ रोड, रायबरेली- 229001, प्रोप. श्री इंद्रभान सिंह पुत्र श्री राम लखन सिंह निवासी मकान नंबर 680, अमर नगर, रायबरेली-229001 जमानतकर्ता: (1) श्रीमती शैल पत्नी श्री सुधा शंकर द्विवेदी (2) श्री सुधा शंकर द्विवेदी पुत्र स्व० राम विलास दोनों निवासी मकान नंबर ए-122, इंदिरा नगर, रायबरेली-229001	साम्यिक बंधक प्लॉट सं0-2715/144 डी, क्षेत्रफल 249 वर्ग मीटर स्थित ग्राम अहमदपुर नजूल (विष्णु नगर), परगना तहसील एवं जिला -रायबरेली। मालिकः श्रीमती शैल पत्नी श्री सुधा शंकर। चौहद्दी- पूर्वः डी.के. मिश्रा का मकान; पश्चिमः डी.के. मिश्रा का मकान; उत्तरः कलेक्टरी कचहरी रोड; दक्षिणः खड़ंजा रोड।	रू. 51,18,705.49 + ब्याज एवं अन्य खर्च (मांग सूचना व कब्जा सूचना के बाद अगर कोई भुगतान है, को घटाकर)	26.11.2026 दोपहर 02:00 बजे से सायं 06:00 बजे	रू. 70,10,000/- (आरक्षित मूल्य) रू. 7,01,000/- (अग्रिम धनराशि) रू. 10,000/- (बिड बढ़ोत्तरी राशि)	सांकेतिक	31.10.2026 से 25.11.2026 समय 10:00 AM से 4:00 PM
3	ऋणकर्ता:- मेसर्स स्वास्तिक ट्रेडर्स, पताः अम्बर मार्केट, लखनऊ रोड, रायबरेली- 229001, प्रो0 श्री इन्द्र भान सिंह पुत्र श्री राम लखन सिंह निवासी मकान सं. 680, अमर नगर, रायबरेली-229001 जमानतकर्ता: (1) श्री पुष्पेन्द्र सिंह पुत्र श्री शिव दत्त सिंह, (2) श्रीमती ऊषा सिंह पत्नी श्री पुष्पेन्द्र सिंह दोनों निवासी मकान सं. एम-41, अमरेशपुरी कॉलोनी, रायबरेली- 229001	(1) साम्यिक बंधक आवासीय सम्पत्ति ईडब्लूएस 14 (प्रथम तल), क्षेत्रफलः 44.12 वर्ग मी0 स्थित अमरेशपुरी कॉलोनी, परगना, तहसील एवं जिला रायबरेली। मालिकः श्रीमती ऊषा सिंह पत्नी श्री पुष्पेन्द्र सिंह। चौहद्दीः पूरबः मकान सं. ईडब्लूएस-15, पश्चिमः मकान सं. ईडब्लूएस-11, उत्तरः कॉलोनी की रोड, दक्षिणः मकान सं. ईडब्लूएस-19	रू. 59,06,753.75 + ब्याज एवं अन्य खर्च (मांग सूचना व कब्जा सूचना के बाद अगर कोई भुगतान है, को घटाकर)	26.11.2026 दोपहर 02:00 बजे से सायं 06:00 बजे	रू. 18,10,000/- (आरक्षित मूल्य) रू. 1,81,000/- (अग्रिम धनराशि) रू. 10,000/- (बिड बढ़ोत्तरी राशि)	सांकेतिक	31.10.2026 से 25.11.2026 समय 10:00 AM से 4:00 PM
		(2) साम्यिक बंधक आवासीय सम्पत्ति ईडब्लूएस 13 (भूतल), क्षेत्रफलः 44.14 वर्ग मी0 स्थित अमरेशपुरी कॉलोनी, जिला रायबरेली। मालिकः श्रीमती ऊषा सिंह पत्नी श्री पुष्पेन्द्र सिंह। चौहद्दीः पूरबः मकान सं. ईडब्लूएस-16, पश्चिमः मकान सं. ईडब्लूएस-12, उत्तरः रोड, दक्षिणः मकान सं. ईडब्लूएस-20			रू. 17,50,000/- (आरक्षित मूल्य) रू. 1,75,000/- (अग्रिम धनराशि) रू. 10,000/- (बिड बढ़ोत्तरी राशि)	सांकेतिक	
4	ऋणकर्ता:- मेसर्स भदौरिया ट्रेडर्स, प्रो0 श्री गुरूबक्स सिंह पुत्र श्री राजेन्द्र सिंह, पताः पूरे पहलवान सिंह, पोस्ट खेखरूआ बानी गोहाना सेमरौता, तहसील महाराजगंज, रायबरेली- 229126 जमानतकर्ता: श्रीमती नीलम तिवारी पत्नी श्री अजीत कुमार तिवारी निवासी मकान सं. 572, गांधी नगर, मनिका सिनेमा रोड, रायबरेली-229001	साम्यिक बंधक भूमि एवं भवन सं. 303/1 मि स्थित ग्राम अख्तियारपुर (शक्ति नगर), रायबरेली। क्षेत्रफलः 210.00 वर्ग मी0। मालिकः श्रीमती नीलम तिवारी पत्नी श्री अजीत कुमार तिवारी। चौहद्दीः पूरबः 20 फिट चौड़ा खड़ंजा रास्ता, पश्चिमः डी डी वर्मा का मकान, उत्तरः 20 फिट चौड़ा खड़ंजा रास्ता, दक्षिणः राजरानी टण्डन का मकान।	रू. 88,98,028.37+ ब्याज एवं अन्य खर्च (मांग सूचना व कब्जा सूचना के बाद अगर कोई भुगतान है, को घटाकर)	26.11.2026 दोपहर 02:00 बजे से सायं 06:00 बजे	रू. 41,40,000/- (आरक्षित मूल्य) रू. 4,14,000/- (अग्रिम धनराशि) रू. 10,000/- (बिड बढ़ोत्तरी राशि)	सांकेतिक	31.10.2026 से 25.11.2026 समय 10:00 AM से 4:00 PM

नोटः सरफेसी अधिनियम के नियम 6(2) और 8(6) के तहत उप सांविधिक 15 दिनों की बिक्री सूचना हेतु सूचना।
बिक्री के नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी के लिए कृपया निम्नलिखित लिंक का अवलोकन करें:- www.bankofbaroda.in/ & Baanknet website: https://baanknet.com तथा इच्छुक बोलीकर्ता प्राधिकृत अधिकारी के मोबाईल नं0 8601804406 से सम्पर्क करें।
SCAN HERE

नियम और शर्तें (केवल सांकेतिक कब्जे के लिए):- (क) जो संपत्ति प्रतीकात्मक कब्जे में है और बोलीदाता अपने जोखिम और जिम्मेदारी पर प्रतीकात्मक कब्जे में संपत्ति खरीद रहा है। (ख) बैंक संपत्ति का कब्ज़ा केवल प्रतीकात्मक रूप से सौंपेगा और सफल नीलामी बोलीदाता/खरीदार बैंक से भौतिक कब्जे का दावा नहीं करेगा। (ग) बैंक भौतिक कब्ज़ा सौंपने के लिए जिम्मेदार या कर्तव्यबद्ध नहीं होगा। (घ) सफल नीलामी क्रेता पैसे की वापसी के किसी भी मामले में किसी भी ब्याज का दावा करने का हकदार नहीं होगा। (ङ) सफल नीलामी क्रेता को ई-नीलामी के तुरंत बाद उपरोक्त नियमों और शर्तों की पुष्टि करते हुए घोषणा सह वचन पत्र जमा करना होगा। (च) बिक्री के बाद यदि सफल बोलीदाता घोषणा सह वचन पत्र जमा करने में विफल रहता है, तो बोली ईएमडी राशि जब्त कर ली जाएगी।

दिनांकः 31.10.2026, स्थानः रायबरेली
प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा

दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
DELHI TECHNOLOGICAL UNIVERSITY
Established by Govt. of NCT of Delhi vide Act 6 2009
(Formerly Delhi College of Engineering)
Shahbad Daulatpur, Bawana Road, Delhi- 110042

F.DTU/Rectt./Assistant Prof./2026/F-1018/5603 Dated: 22/10/2026

Advertisement Notice No. 04/2026

RECRUITMENT FOR THE POSTS OF ASSISTANT PROFESSOR INCLUDING BACKLOG VACANCIES WITH SPECIAL DRIVE FOR PwBD CATEGORY

Opening Date & Time for Submission of Online Applications: - 23rd October, 2026 from 11:00 AM onwards
Closing Date & Time for Submission of Online Applications: - 07th December, 2026 till 05:00 PM

Delhi Technological University is a teaching-cum-research University committed to foster excellence in education, research, technology incubation, product innovation, outreach and extension activities in Engineering, Management, and Applied Sciences. The University invites applications from the talented individuals to fill up the posts of Assistant Professor on direct mode of recruitment. The details of the vacancy position are as given below:

S. No.	Discipline	UR	SC	ST	OBC	EWS	Total Vacant posts	PwBD*
A	B	C	D	E	F	G	H	I
1.	Applied Chemistry	0	1	0	3	0	4	0
2.	Chemical Engineering	1	0	1	2	0	4	0
3.	Applied Mathematics	4	1	0	3	3	11	1
4.	Mathematics & Computing	1	0	0	1	0	2	0
5.	Applied Physics	7	2	2	3	1	15	1
6.	Engineering Physics	1	2	0	6	2	11	1
7.	Automobile Engineering	6	1	1	2	2	12	1
8.	Civil Engineering	7	2	2	6	3	20	2
9.	Management (DSM)	0	3	2	3	2	10	1
10.	Electronics & Communication Engineering	1	1	0	1	1	4	0
11.	Electrical Engineering	2	1	1	2	2	8	0
12.	Environmental Science & Engineering	3	1	0	2	0	6	1
13.	Humanities (Economics)	1	1	1	2	0	5	0
14.	Humanities (English)	1	0	1	1	0	3	0
15.	Production Engineering	9	3	1	5	2	20	2
16.	Mechanical Engineering	2	4	1	9	2	18	2
17.	Information Technology	1	1	1	6	0	9	1
18.	Software Engineering	2	0	0	1	0	3	0
19.	Computer Science & Engineering	7	1	6	16	6	36	3
20.	Economics (USME)	0	0	0	1	0	1	0
21.	Design	2	0	0	1	0	3	0
22.	Biotechnology	1	1	0	2	2	6	1
23.	Geospatial Science#	0	0	1	0	1	2	0
24.	Geospatial Technology#	3	1	0	2	0	6	0
	Total	62	27	21	80	29	219	17

* For applicable Benchmark Disability for these posts, reference be made to the detailed advertisement available at the university website i.e. www.dtu.ac.in.
# The regularisation of incumbents against these posts shall be after the application for creation, approval and sanction of these posts, as at present these posts have been borrowed from the sanctioned posts of other disciplines.
The above-mentioned vacancies are provisional and can be varied as per the requirement of the University.
For the detailed advertisement candidates are required to visit the university website i.e. www.dtu.ac.in. The interested candidates are required to fill up the application form through ONLINE mode only available at University website www.dtu.ac.in. Candidates are required to retain a copy of printout of the application form. All further communications related to recruitment will be displayed on the university website from time to time. In this regard, no personal communication will be entertained.
Registrar